<u>**Sixteenth Loksabha**</u>

an>

Title: Need to augment production of Indian Medicines Pharmaceutical Corporation Limited (IMPCL) to its full capacity and also fill up the vacant posts

श्रीमती रक्षाताई खाडसे (रावेर) ः हमारी सरकार ने कुछ दिन पहले ही ऑल इंडिया इंस्टीटय़ूट ऑफ आयुर्वेदा का उद्घाटन किया जिसके चलते देश की पारम्परिक तथा प्राचीन मानवीय उपचार पद्धति जो कि आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी व योग शास्त्र से जुड़ी है उसे अपने देश में ही नहीं तो सारे विश्व में स्थापित करने के विचार से किया है। इस उद्देश्य को और मजबूती देने हेतु सरकार ने देश के हर जिले में एक सरकारी आयुर्वेदा अस्पताल बनाने का निर्णय लिया है। इन आयुर्वेदा अस्पतालों के निर्माण और मजबूतीकरण से आयुर्वेदिक मेडिसिन की बढ़ती हुई डिमांड व उपलब्धि भी बढ़ाने का विचार सरकार कर रही है। इस क्षेत्र में सरकार का एकमात्र सार्वजनिक उपक्रम इंडियन मेडिसिन फार्मास्युटिकल कारपोरेशन लिमिटेड (आई.एम.पी.सी.एल.) जो कि उत्तराखंड में है, ऊँची, दर्जेदार और अच्छी क्वालिटी मेडिसिन बनाने वाली सरकारी कंपनी के नाम से प्रचलित है, इस कंपनी के प्रोडक्ट्स को बढ़ाने से आयुर्वेदिक दवाइयों के वितरण व्यवस्था से मजबूत किया जा सकता है जो आने वाले समय में इस कंपनी को एक नई ऊँचाई को ले जा सकती है।

मैं माननीय मंत्री जी से यह निवेदन करती हूँ कि इस कंपनी की मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी का पुनर्स्थापित तथा मजबूतीकरण करके कंपनी के प्रोडक्ट्स को फुल कैपेसिटी में बनाने के प्रयास करें और हाल ही में कंपनी में जो महत्वपूर्ण पोस्ट रिक्त हैं उन्हें शीघ्र भरने के लिए आदेश निर्गमित करें।